राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड

राज्य कृषि प्रबंध संस्थान परिसर, दुर्गापुरा, जयपुर—302018,फोन— 0141—2552796

क्रमांकः प.26(36)RSSB/परि./कनि. अभियंता (कृषि)/2022/2166 दिनांकः 29/11/22

कार्यालय आदेश
कनिष्ठ अभियंता (कृषि) भर्ती परीक्षा—2022

कनिष्ठ अभियंता (कृषि) भर्ती परीक्षा—2022 के लिये गैर अनुसूचित क्षेत्र के 144 एवं अनुसूचित क्षेत्र के लिये 45 कुल 189 पदों पर भर्ती हेतु अस्थाई रूप से चयनित अभ्यर्थियों को दिनांक 09.11.2022 एवं 10.11.2022 को राज्य कृषि प्रबंधन संस्थान (SIAM), दुर्गापुरा जयपुर पर पात्रता की जांच एवं दस्तावेज सत्यापन के लिये उपस्थित होने हेतु सूचित किया गया था। पात्रता की जांच हेतु निर्धारित दिनांक को **गैर अनुसूचित क्षेत्र के 24 एवं अनुसूचित क्षेत्र के 5 कुल 29 अनुपस्थित** रहे। सूचीबद्ध अभ्यर्थियों को अंतिम अवसर प्रदान किया जाता है। निम्नलिखित अभ्यर्थी अपने रोल नम्बर के सम्मुख निर्धारित दिनांक एवं समय पर **राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड, दुर्गापुरा, जयपुर**, पर आवश्यक रूप से उपस्थित होवें। दस्तावेज सत्यापन हेतु सूचीबद्ध अभ्यर्थियों की पात्रता की जांच एवं दस्तावेजों के सत्यापन के संबंध में निम्नानुसार कार्यवाही की जानी है :—

1. पात्रता की जांच हेतु गठित टीमों द्वारा **कनिष्ठ अभियंता (कृषि) भर्ती परीक्षा—2022** में दस्तावेज सत्यापन हेतु सूचीबद्ध अभ्यर्थियों की पात्रता की जांच एवं दस्तावेजों का सत्यापन मूल दस्तावेजों से किया जायेगा।
2. **दस्तावेज सत्यापन की जांच हेतु उपस्थित होने वाले अभ्यर्थी विस्तृत आवेदन पत्र ऑनलाईन दिनांक 30.11.2022 से भरेगा तथा दस्तावेज सत्यापन की फीस भी ऑनलाईन जमा करवायेगा। उक्त विस्तृत आवेदन को भरने के लिए अभ्यर्थी को अपनी SSO ID पर जाकर RECRUITMENT PORTAL पर जाकर MY RECRUITMENT उसके बाद DETAILED FORM CUM SCRUTINY पर जाकर JEN (AGRICULTURE) के लिंक के सामने Apply Now पर जाकर विस्तृत आवेदन भर फीस जमा करावें।**
3. विस्तृत आवेदन भरने से पूर्व बोर्ड की वेबसाईट www.rsmssb.rajasthan.gov.in पर "अंतिम चयन हेतु विस्तृत आवेदन सह परिनिरीक्षा प्रपत्र भरने हेतु आवेदकों के लिये आवश्यक निर्देश" एवं कनिष्ठ अभियन्ता (कृषि) सीधी भर्ती परीक्षा—2022 के लिये दिनांक 03.06.2022 को जारी विज्ञापन संख्या 07/2022 का ध्यानपूर्वक अध्ययन कर ले।
4. **अभ्यर्थी उक्त ऑनलाईन विस्तृत आवेदन की प्रक्रिया पूर्ण कर इसकी दो प्रति एवं जमा फीस की प्रति प्रिन्ट कर दस्तावेज सत्यापन के लिए अपने साथ लायेगा।**
5. अभ्यर्थी शैक्षणिक योग्यता, आयु, जाति, मूल निवास, आचरण, विशेष योग्यजन, विवाह, खेल, राष्ट्रीयता, सेवारत होने संबंधी **मूल प्रमाण—पत्र एवं दस्तावेज तथा स्वंय का पहचान पत्र आवश्यक रूप से अपने साथ लायेंगे।**
6. सभी वर्ग के ऐसे अभ्यर्थी, जिनके परिवार की वार्षिक आय 2.50 लाख रूपये से कम है तथा उन्होनें परीक्षा शुल्क रूपये 250/— ही जमा करवाये है, ऐसे अभ्यर्थी अपने परिवार की वार्षिक आय 2.50 लाख रूपये से कम होने का सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी आय प्रमाण—पत्र पात्रता की जांच एवं दस्तावेज के सत्यापन के समय आवश्यक रूप से लेकर आवें।

अभ्यर्थी प्रमाण—पत्रो एवं दस्तावेजों की स्वंय द्वारा प्रमाणित प्रति संलग्न करेंगे।

कनिष्ठ अभियंता (कृषि) के पद के लिए सूचीबद्ध अभ्यर्थियों के दस्तावेज सत्यापन एवं पात्रता की जांच **राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड, दुर्गापुरा, जयपुर** में किया जायेगा, जो निम्नानुसार हैः—

ROLL NO								DATE
NTSP								
400154	400285	400291	400476	400511	400529	400549	400574	09.12.2022 10:30AM-5:00PM
400918	400921	400961	401035	401127	401327	401342	401375	
401406	401636	401771	401863	401868	401939	402194	402460	
TSP								09.12.2022 10:30AM-5:00PM
400232	400285	400437	400524	401042				

(सुनील पूनियाँ)
सचिव